कार्यालय अध्यक्ष, विभागीय पदोन्नति सह प्रशासनिक समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम–01, जयपुर महानगर–द्वितीय

कम्प्यूटर टाईप टेस्ट दिनांक 14.03.2024–15.03.2024 (समय प्रातः 09:00 बजे) हेतु संशोधित सामान्य दिशा–निर्देश

पूर्व में इस कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में क्रम सं. 04 पर उल्लेखित निर्देश के स्थान पर निम्न निर्देश पढ़े जावें:–

- अभ्यर्थी को कम्प्यूटर पर "The Tankan" सॉफ्टवेयर Open मिलेगा, जिस पर अभ्यर्थी को अपना रोल नम्बर, जन्म दिनांक (DD/MM/YYYY के प्रारूप में ही मान्य होगा) तथा Language (अंग्रेजी अथवा हिन्दी) दर्ज करना होगा। तत्पश्चात् Login पर Click करने के उपरान्त एक अन्य Workspace दर्शित होगा, जिसमें अभ्यर्थी का रोल नम्बर व नाम दर्शित होगा। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनका रोल नं. व नाम सही प्रदर्शित हो रहा है।

- अभिजागर द्वारा निर्देशित किये जाने पर अभ्यर्थी Start पर Click करेंगे, Start पर Click करने के साथ ही 10 मिनिट का निर्धारित Timer शुरू हो जावेगा और अभ्यर्थी अपने प्रश्न पत्र में दिये गये पैसेज को टंकित करना शुरू करेंगे।

- **हिन्दी टंकण के दौरान स्पेशल करेक्टर (Alt + 0XXX) का उपयोग किया जा सकेगा, परन्तु उक्त के उपयोग में सहीं नम्बर ही टंकित करे अन्यथा Language अंग्रेजी में परिवर्तित हो जायेगी, जिसका अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।**

- **उपरोक्त "The Tankan" सॉफ्टवेयर पर Arrow Keys, Backspace Key and Delete Key का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।**

- उपरोक्तानुसार 10 मिनिट बाद टंकित पैसेज Automatically Save हो जायेगा, और अभ्यर्थी अपने स्थान पर ही बैठे रहेंगे जब तक कि अभिजागर द्वारा उनके द्वारा टंकित उत्तर शीट कलेक्ट नहीं कर ली जावें। उत्तर शीट पर अभिजागर द्वारा अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर लिये जावेंगे और उनके निर्देश के बाद ही अभ्यर्थी अपने स्थान को छोड़ सकेंगे।

शेष अन्य निर्देश यथावत रहेंगें।

11/3/24

अध्यक्ष
विभागीय पदोन्नति सह प्रशासनिक समिति एवं
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम–01,
जयपुर महानगर–द्वितीय

D:\Promotion Commitee\Steno Exam\instruction type test.d